प्रश्नपत्र 1 : लेखांकन

(PAPER 1 : ACCOUNTING)

भाग I : मई, 2015 की परीक्षा में लागू होने या लागू नहीं होने को दर्शाती उद्घोषणाएँ

(A) मई, 2015 की परीक्षा मे लागू

गैर–निगमीय स्तर II संस्थानों को वर्गीकृत करने के आधार में पुनरीक्षण : हाल ही में कर अंकेक्षण सीमा में वृद्धि सम्बन्धी परिवर्तनों के कारण ICAI परिषद ने गैर–निगमीय स्तर II के संस्थानों में प्रथम आधार को परिवर्तन करने का निर्णय लिया जो कि लघु एवं मध्यम उद्योगों का निर्धारण उनके आवर्त के आधार पर 40 लाख ₹ से 1 करोड़ ₹ द्वारा ICAI द्वारा 7 मार्च, 2013 को जारी उद्घोषणा–''गैर–निगमीय स्तर II के संस्थानों को वर्गीकृत करने के आधार का पुनरीक्षण'' होगा। यह संशोधित उद्घोषणाएं 1 अप्रैल, 2012 या उसके बाद शुरू होने वाले लेखा वर्ष से लागू एवं प्रभावी होगी।

कम्पनी अधिनियम, 2013 : 30 सितम्बर, 2014 तक घोषित कम्पनी अधिनियम, 2013 से सम्बन्धित धाराएँ मई, 2015 की परीक्षा मे लागू होंगी।

(B) मई, 2015 की परीक्षा में लागू नहीं

कम्पनी मामलों के मंत्रालय (MCA) द्वारा जारी लेखा मानक (द्वितीय) : MCA द्वारा लागू होने की तिथि की घोषणा के बिना अपनी वेबसाइट पर 35 प्रायोजित भारतीय लेखा मानक (द्वितीय) जारी किये गये। ये वे लेखा मानक हैं जो भारतीय लेखा मानक एवं IFRS के अन्तरों को दूर करने का प्रयास करते हैं। **ये लेखा मानक (द्वितीय) मई, 2015 की परीक्षा में बैठने वाले छात्रों पर लागू नही होंगे।**

भाग II : प्रश्न एवं उत्तर

(PART II : QUESTIONS AND ANSWERS)

कम्पनी का वित्तीय विवरण

1. (a) बताइये, कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III के अनुसार निम्न खाते चिट्ठे के किस शीर्षक में वर्गीकृत किये जायेंगे:

   (i) निर्गमित अंश पूंजी से अधिक अंश आवेदन पर प्राप्त राशि।

   (ii) अदत्त अंश विकल्प खाता।

   (iii) अदत्त परिपक्व ऋणपत्र तथा उन पर अर्जित ब्याज।

   (iv) अंश तथा अन्य आंशिक प्रदत्त विनियोग पर बकाया दायित्व।

   (v) अदत्त मांगें।

© The Institute of Chartered Accountants of India

(vi) विस्तार के दौरान अदृश्य सम्पत्तियां।

(vii) अंश अधिपत्र के बदले प्राप्त राशि।

(b) एक्स लिमिटेड (एक गैर–विनियोगी कम्पनी) के चिट्ठे से निम्न सारांश प्राप्त कियेः

31 मार्च, 2015 को चिट्ठा (संक्षिप्त)

दायित्व	(₹)
अधिकृत पूंजी	
15,000, 14% पूर्वाधिकार अंश 100 ₹ वाले	15,00,000
1,50,000 समता अंशा 100 ₹ वाले	1,50,00,000
	1,65,00,000
निर्गमित एवं अभिदत्त पूंजी	
15,000, 14% पूर्ण दत्त पूर्वाधिकार अंश 100 ₹ वाले	15,00,000
1,20,000, समता अंश 100 ₹ वाले 80 ₹ प्रदत्त	96,00,000
पूंजी संचय (1,50,000 ₹ पुनर्मूल्यांकन संचय)	1,95,000
प्रतिभूति प्रीमियम	50,000
15% ऋणपत्र	65,00,000
असुरक्षित ऋण : एक वर्ष के बाद देय सार्वजनिक जमा	3,70,000
अंश, ऋणपत्र इत्यादि में विनियोग	75,00,000
लाभ-हानि खाता (डेबिट शेष)	15,25,000

कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची V के प्रावधान के अनुसार प्रभावी (Effective) पूंजी की गणना कीजिये।

(c) फ्यूटरा लिमिटेड के 31 मार्च, 2015 के आर्थिक चिट्ठे मे ''संचय एवं आधिक्य'' में निम्न मदें थीं–

	राशि लाख (₹)
प्रतिभूति प्रीमियम खाता	80
पूंजी संचय	60
सामान्य संचय	90

उस तारीख को संचित हानि 250 लाख ₹ थी जिसको ''लाभ-हानि विवरण'' शीर्षक के अन्तर्गत चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में दिखाया गया था। कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III के अनुसार इस मद की शुद्धता पर टिप्पणी कीजिये।

© The Institute of Chartered Accountants of India

नकद प्रवाह विवरण पत्र

2. पी क्यू लिमिटेड का संक्षिप्त चिट्ठा दिया हुआ है। 31 मार्च, 2014 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए लेखा मानक 3 के अनुसार अप्रत्यक्ष विधि के आधार पर नकद प्रवाह विवरण बनाइये :

आर्थिक चिट्ठा

दायित्व	31 मार्च, 2013	31 मार्च, 2014	सम्पत्तियां	31 मार्च, 2013	31 मार्च, 2014
	₹	₹		₹	₹
पूंजी	50,00,000	50,00,000	प्लाण्ट एवं मशीनरी	27,30,000	40,70,000
संचित आय	26,50,000	36,90,000	*घटाइये* : ह्रास	6,10,000	7,90,000
ऋणपत्र	–	9,00,000		21,20,000	32,80,000
चालू दायित्व :			व्यापारिक प्राप्य	23,90,000	28,30,000
व्यापारिक देय	8,80,000	8,20,000	*घटाइये* : प्रावधान	1,50,000	1,90,000
बैंक ऋण	1,50,000	3,00,000		22,40,000	26,40,000
व्ययों के लिये दायित्व	3,30,000	2,70,000	रोकड़	27,00,000	33,20,000
			स्कंध	20,10,000	19,20,000
लाभांश देय	1,50,000	3,00,000	पूर्वदत्त व्यय	90,000	1,20,000
	91,60,000	1,12,80,000		91,60,000	1,12,80,000

अतिरिक्त सूचनाएँ :

(i) 31 मार्च, 2014 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए 1,80,000 ₹ का ह्रास चार्ज करने के बाद शुद्ध लाभ 22,40,000 ₹ था।

(ii) व्यापारिक प्राप्य में 2,30,000 ₹ वसूली योग्य नहीं है जिनको वर्ष के दौरान संदिग्ध ऋण के आयोजन से अपलिखित किया गया।

(iii) वर्ष 2013–14 के लिए पी क्यू लिमिटेड ने 12,00,000 ₹ का लाभांश घोषित किया।

समामलेन से पूर्व लाभ/हानि

3. अतुल सन्स नाम से संचालित चालू व्यवसाय को स्नेहा लिमिटेड द्वारा 1 अप्रैल, 2013 को ले लिया गया जिसका समामेलन 1 जुलाई, 2013 को हुआ था। वर्ष 2013–14 के दौरान कुल विक्रय 24,00,000 ₹ था जिसमे से प्रथम छः माह का विक्रय 4,80,000 ₹ था। कम्पनी का सकल लाभ 3,90,800 ₹ था। लाभ-हानि खाते के डेबिट में लिखे गये व्ययों में शामिल थे :

© The Institute of Chartered Accountants of India

(i) संचालक फीस 30,000 ₹

(ii) डूबत ऋण 7,200 ₹

(iii) विज्ञापन 24,000 ₹

(iv) वेतन एवं सामान्य व्यय 1,28,000 ₹

(v) प्रारंभिक व्यय अपलिखित 10,000 ₹

31 मार्च, 2014 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए समामेलन से पूर्व तथा बाद के लाभ को दिखाते हुए विवरण पत्र बनाइये।

बोनस निर्गमन का लेखांकन

4. 31 मार्च, 2015 को सरल लिमिटेड (सूचियत कम्पनी) के तलपट में निम्न मदें प्रकट हुईं :

विवरण	राशि (₹)
4,500 समता अंश 100 ₹ वाले	4,50,000
पूंजी संचय (प्लाण्ट के विक्रय पर 40,000 ₹ का लाभ शामिल करते हुए)	90,000
प्रतिभूति प्रीमियम	40,000
पूंजी शोधन संचय	30,000
सामान्य संचय	1,05,000
लाभ-हानि खाता (क्रेडिट शेष)	65,000

कम्पनी ने निर्णय लिया कि समता अंशधारियों को प्रत्येक 2 अंशों के धारक को एक बोनस अंश दिया जायेगा। कम्पनी ने निर्णय लिया कि मुक्त संचय में न्यूनतम कमी की जावेगी। सरल लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियां कीजिये।

कम्पनी का आंतरिक पुनर्निर्माण

5. 31 मार्च, 2015 को एम लिमिटेड का संक्षिप्त आर्थिक चिट्ठा निम्न प्रकार था :

दायित्व	(₹)	सम्पत्ति	(₹)
15,000, 10% पूर्वाधिकार अंश 100 ₹ वाले	15,00,000	भूमि एवं भवन	15,00,000
35,000 समता अंश 100 ₹ वाले	35,00,000	प्लाण्ट एवं मशीन	10,00,000
प्रतिभूति प्रीमियम खाता	1,00,000	स्कंध	6,00,000
7% ऋणपत्र 100 ₹ वाले	5,00,000	व्यापारिक प्राप्य	15,00,000
व्यापारिक देय	12,50,000	बैंक में रोकड़	1,00,000
संचालक से ऋण	1,50,000	लाभ-हानि खाता	23,00,000
	70,00,000		70,00,000

© The Institute of Chartered Accountants of India

पूर्वाधिकार अंशों पर गत 5 वर्षों से लाभांश नहीं चुकाया गया है।

ट्रिब्यूनल द्वारा पुनर्निर्माण की निम्नलिखित योजना अनुमोदित हुई :

(i) प्रत्येक समता अंश को 25 ₹ तक कम किया गया।

(ii) प्रत्येक पूर्वाधिकार अंश को 75 ₹ तक कम किया गया। इसके बाद एक 13% पूर्वाधिकार अंश 50 ₹ वाले तथा एक 25 ₹ वाले समता अंश में परिवर्तन किया गया।

(iii) पूर्वाधिकार अंशधारियों ने 4 वर्ष के लाभांश का त्याग कर दिया है। उन्हें पुरानी दर से केवल 1 वर्ष का लाभांश देय है जिसका भुगतान 25 ₹ वाले पूर्ण दत्त समता अंशों के निर्गमन द्वारा किया जायेगा।

(iv) ऋणपत्रधारियों को यह विकल्प है कि वे अपने 90% दावे के बदले नकद स्वीकार करें या 13% पूर्वाधिकार अंश 50 ₹ वाले सम मूल्य पर निर्गमन द्वारा परिवर्तित कर सकते हैं। आधे मूल्य के ऋणपत्रधारियों ने अपने दावे के बदले पूर्वाधिकार अंश स्वीकार किये। शेष को नकद भुगतान किया गया।

(v) 1,50,000 ₹ का संदिग्ध दायित्व देय है। यह दायित्व एक संचालक की गलती के कारण उत्पन्न हुआ। इस हानि को संचालक द्वारा कम्पनी को दिये गये ऋण से क्षतिपूर्ति करने पर सहमत है।

(vi) 40,000 नये समता अंश 25 ₹ वाले सम मूल्य पर निर्गमित किये गये, पूर्ण राशि प्रार्थना पत्र पर देय। सभी अंश ले लिये गये।

(vii) प्लाण्ट एवं मशीनरी, स्कंध तथा व्यापारिक प्राप्य के मूल्यों में क्रमशः 4,00,000 ₹, 1,00,000 ₹ तथा 1,50,000 ₹ की कमी हुई है। भूमि एवं भवन के मूल्य में 18,00,000 ₹ की वृद्धि की गई।

(viii) अभिगोपन कमीशन के अलावा इस योजना पर कम्पनी द्वारा कुल 15,000 ₹ खर्च किये गये।

उपर्युक्त व्यवहार के लेखा करने के लिए आवश्यक जर्नल प्रविष्टियां दीजिये।

कम्पनी का एकीकरण

6. पी लिमिटेड तथा क्यू लिमिटेड ऑटो पार्ट्स के निर्माण का व्यवसाय करते हैं। दोनों कम्पनियों ने एकीकरण का निर्णय लिया तथा एक नयी कम्पनी पी क्यू लिमिटेड का निर्माण किया जिसकी अधिकृत पूंजी 10,00,000 ₹ जो कि 1,00,000 समता अंश 10 ₹ वाले में विभाजित है। 31 मार्च, 2014 को कम्पनी का चिट्ठा अग्र प्रकार थाः

© The Institute of Chartered Accountants of India

पी लिमिटेड

31.03.2014 को चिट्ठा

	विवरण	राशि (₹)
(i)	**अंश एवं दायित्व**	
	1. अंशधारियों का कोष	
	(अ) अंश पूंजी	1,40,000
	(ब) संचय एवं आधिक्य :	
	लाभ-हानि खाता	30,000
	2. गैर–चालू दायित्व	
	8% सुरक्षित ऋणपत्र	1,10,000
	3. चालू दायित्व	
	व्यापारिक देय	54,000
	योग	3,34,000
(ii)	**सम्पत्तियां**	
	1. गैर–चालू सम्पत्ति	
	(अ) स्थायी सम्पत्ति :	
	भवन लागत पर घटाइये ह्रास	1,00,000
	प्लाण्ट एवं मशीनरी लागत पर घटाइये ह्रास	25,000
	2. चालू सम्पत्ति	
	(अ) स्कंध	1,35,000
	(ब) व्यापारिक प्राप्य	44,000
	(स) बैंक में रोकड़	30,000
	योग	3,34,000

क्यू लिमिटेड

31.03.2014 को चिट्ठा

	विवरण	राशि (₹)
(i)	**समता एवं दायित्व**	
	1. अंशधारियों का कोष	
	(अ) अंश पूंजी	2,50,000
	(ब) संचय एवं आधिक्य :	

© The Institute of Chartered Accountants of India

	सामान्य संचय	1,20,000
	लाभ-हानि खाता	35,000
	2. चालू दायित्व	
	व्यापारिक देय	1,40,000
	योग	5,45,000
(ii)	**सम्पत्तियाँ**	
	1. गैर–चालू सम्पत्तियाँ	
	(अ) स्थायी सम्पत्तियाँ :	
	भवन लागत पर घटाइये ह्रास	1,90,000
	प्लाण्ट एवं मशीनरी लागत पर घटाइये ह्रास	80,000
	फर्नीचर एवं फिक्सचर्स लागत पर घटाइये ह्रास	25,000
	2. चालू सम्पत्ति	
	(अ) स्कंध	50,000
	(ब) व्यापारिक प्राप्य	1,42,000
	(स) बैंक में रोकड़	58,000
	योग	5,45,000

निम्नलिखित कुछ अपवादों को छोड़कर, विद्यमान कम्पनी की सम्पत्ति एवं दायित्व को पुस्तक मूल्य पर हस्तांतरित किया जायेगा :

(i) पी लिमिटेड की ख्याति 50,000 ₹ तथा क्यू लिमिटेड की 1,50,000 ₹ थी।

(ii) क्यू लिमिटेड का फर्नीचर एवं फिक्सचर्स का मूल्य 35000 ₹ था।

(iii) पी लिमिटेड के व्यापारिक प्राप्य से पूर्ण वसूली हुई थी, पी लिमिटेड के समापक ने बैंक शेष को रोक कर रखा तथा उस आय से व्यापारिक देय का भुगतान किया गया।

(iv) पी लिमिटेड के ऋणपत्रों का निस्तारण पी क्यू लिमिटेड के 8% 11,000 ऋणपत्र 10% प्रीमियम पर निर्गमन करके किया गया।

आपसे अपेक्षित है :

(i) पी क्यू लिमिटेड द्वारा वर्तमान कम्पनियों के अंशधारियों को सम मूल्य पर जारी किये जाने वाले अंशों के आधार की गणना कीजिये।

(ii) एकीकरण समाप्त होने वाली तारीख 1 अप्रैल, 2014 को पी क्यू लिमिटेड का चिट्ठा तैयार कीजिये।

© The Institute of Chartered Accountants of India

औसत देय तिथि

7. शहनाज द्वारा लिखित निम्न बिल महनॉज द्वारा स्वीकृत :

8 मार्च, 2014 को 4,000 ₹ 4 महीने के लिये

16 मार्च, 2014 को 5,000 ₹ 3 महीने के लिये

7 अप्रैल, 2014 को 6,000 ₹ 5 महीने के लिये

17 मई, 2014 को 5,000 ₹ 3 महीने के लिये

वह समस्त बिलों का एक ही दिन भुगतान करना चाहता है। औसत देय तिथि ज्ञात कीजिये।

चालू खाता

8. 30 जून, 2014 को समाप्त होने अर्द्व वर्ष के दौरान रोहन एवं सुनील के बीच निम्न व्यवहार हुए :

		₹
(i)	1 जनवरी, 2014 को सुनील द्वारा रोहन को देय शेष	3,010
(ii)	7 जनवरी, 2014 को रोहन ने सुनील को माल बेचा	4,430
(iii)	16 फरवरी, 2014 को सुनील से रोहन द्वारा माल खरीदा गया	6,480
(iv)	18 फरवरी, 2014 को रोहन द्वारा सुनील को माल की वापसी (16 फरवरी, 2014 के क्रय में से)	560
(v)	24 मार्च, 2014 को सुनील ने रोहन को माल बेचा	3,560
(vi)	22 अप्रैल, 2014 को रोहन द्वारा 3 महीने का बिल स्वीकार	1,500
	29 अप्रैल, 2014 को रोहन द्वारा सुनील को नकद भुगतान	2,500
(vii)	17 मई, 2014 को रोहन द्वारा सुनील को माल बेचा	2,710
(viii)	22 जून, 2014 को सुनील द्वारा रोहन को माल बेचा	2,280

10% वार्षिक ब्याज लगाते हुए एक चालू खाता बनाना है, जो सुनील द्वारा रोहन को दिया जाना है।

किराया क्रय व्यवहार

9. 01.04.2014 को ग्लोबस लिमिटेड ने गणेश एन्टरप्राइजेज से एक डिलीवरी गाड़ी किराया क्रय पद्धति के आधार पर खरीदी। शर्तें निम्न प्रकार थीं :

विवरण	राशि (₹)
किराया क्रय मूल्य	1,80,000
तुरन्त भुगतान	30,000

© The Institute of Chartered Accountants of India

1 वर्ष के बाद देय प्रथम किस्त	50,000
2 वर्ष के बाद देय द्वितीय किस्त	50,000
3 वर्ष के बाद देय तृतीय किस्त	30,000
4 वर्ष के बाद देय चतुर्थ किस्त	20,000

गाड़ी का नकद मूल्य 1,50,000 ₹ तथा अपलिखित मूल्य (WDV) पर ह्रास 10% चार्ज करना है।

आपसे कुल ब्याज तथा प्रत्येक किस्त में शामिल ब्याज की गणना अपेक्षित है।

स्वकीय संतुलन खाते

10. निम्न सूचनाओं से देनदार खाताबही में दिखाया जाने वाला सामान्य बही समायोजन खाता बनाइये :

	डेबिट (₹)	क्रेडिट (₹)
1.4.2013 को शेष		
देनदार खाता	94,400	480
31.3.2014 को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान व्यवहार :		
उधार विक्रय	2,24,000	
देनदारों से प्राप्त (1,18,000 ₹ के पूर्ण भुगतान के बदले)	1,16,400	
देनदारों से वापसी	5,200	
ग्राहक द्वारा बिल स्वीकार्य	40,200	
प्राप्य बिल का अनादरण	3,000	
प्राप्य बिल को बट्टे पर भुनाना	10,000	
लेनदारों को प्राप्य बिल का बेचान	8,000	
बेचान किये गये बिल का अनादरण	2,000	
डूबत ऋण अपलिखित	5,000	
31.3.2014 को देनदार खाते का शेष	760	

गैर–लाभकारी संस्थाओं का वित्तीय विवरण

11. (a) इलाइट क्लब (कम्पनी अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत रजिस्टर्ड नहीं) में 200 सदस्य हैं जिनमें प्रत्येक सदस्य का वार्षिक चंदा 3,600 ₹ है। 31 मार्च, 2015 को समाप्त होने वाले लेखा वर्ष के दौरान क्लब के प्राप्त चंदे का विश्लेषण अग्र प्रकट करता है :

© The Institute of Chartered Accountants of India

	₹
वर्ष 2013–14 के लिए	25,200
वर्ष 2014–15 के लिए	6,98,400
वर्ष 2015–16 के लिए	7,200
	7,30,800

31 मार्च, 2015 को यह पाया गया कि अभी तक 31 मार्च, 2014 को समाप्त होने वाले वर्ष के 3,600 ₹ बकाया है। 31 मार्च, 2015 को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान क्लब के आय-व्यय खाते के क्रेडिट पक्ष में दिखाये जाने वाले चंदे से सम्बन्धित मदों की राशि की गणना कीजिये। यह भी बताइये कि 31 मार्च, 2015 के चिट्ठे में चंदे की राशि किस प्रकार दिखायी जायेगी।

(b) 31 मार्च, 2015 को समाप्त होने वाले वर्ष का गामा क्लब का आय एवं व्यय खाता निम्न प्रकार है :

31 मार्च, 2015 को समाप्त होने वाले वर्ष का आय एवं व्यय खाता

	(₹)		(₹)
वेतन का	19,500	चंदा से	68,000
किराया का	4,500	दान से	5,000
मुद्रण का	750		
बीमा का	500		
अंकेक्षण फीस का	750		
खेलकूद एवं स्पोर्टस का	3,500		
चंदा अपलिखित का	350		
विविध व्यय का	14,500		
फर्नीचर के विक्रय पर हानि का	2,500		
ह्रास का			
स्पोर्ट्स सामग्री	6,000		
फर्नीचर	3,100		
आय का व्यय पर आधिक्य का	17,050		
	73,000		73,000

© The Institute of Chartered Accountants of India

अतिरिक्त सूचनाएं :

	31.03.2014	31.03.2015
	₹	₹
बकाया चंदा	2,600	3,700
अग्रिम चंदा	1,000	1,500
अदत्त व्यय :		
किराया	500	800
वेतन	1,200	350
अकेक्षण फीस	500	750
स्पोर्ट्स सामग्री घटाइये ह्रास	25,000	24,000
फर्नीचर घटाइये ह्रास	30,000	27,900
पूर्वदत्त बीमा		150

बेचे गये फर्नीचर का पुस्तक मूल्य 7,000 ₹ है। पूंजीकृत प्रवेश शुल्क 4,000 ₹। 1 अप्रैल, 2014 को कोई रोकड़ शेष नहीं थी किन्तु बैंक अधिवकर्ष 15,000 ₹ था। 31 मार्च, 2015 को हस्तस्थ रोकड़ 850 ₹ था तथा शेष बैंक शेष था।

31 मार्च, 2015 को समाप्त होने वाले वर्ष का आगम एवं शोधन खाता बनाइये।

विनियोग खाते

12. ए प्राइवेट लिमिटेड लेखा कार्य के लिए कैलेण्डर वर्ष को अपनाती है। 1 मई, 2014 को कम्पनी ने पी लिमिटेड के 100 ₹ वाले 5,000, 13.5% परिवर्तनीय ऋणपत्र 105 ₹ में ब्याज सहित मूल्य पर खरीदे। इस विनियोग पर क्रमशः 31 मार्च एवं 30 सितम्बर को ब्याज देय होता है। 1 अगस्त, 2014 को कम्पनी ने दुबारा उन ऋणपत्रों को @ 102.50 ₹ मूल्य पर ब्याज सहित खरीदा। 1 अक्टूबर, 2014 को कम्पनी ने इन ऋणपत्रों को @ 103 ₹ में बेचा। 31 दिसम्बर, 2014 को कम्पनी को अपनी 20% होल्डिंग के बदले पी लिमिटेड के 10 ₹ वाले 20,000 समता अंश प्राप्त हुए। वर्ष के अन्त में ऋणपत्र तथा समता अंश का बाजार मूल्य क्रमशः 106 ₹ तथा 9 ₹ है। वर्ष 2014 के लिए ए प्राइवेट लिमिटेड की पुस्तक में ऋणपत्र विनियोग खाता तथा समता अंश विनियोग खाता औसत लागत के आधार पर बनाइये।

अपूर्ण लेखों से खाते

13. 31 मार्च, 2015 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए एक्स लिमिटेड का अग्र सूचनाओं से लाभ-हानि खाता तथा उस तिथि का चिट्ठा बनाइये :

© The Institute of Chartered Accountants of India

		31.03.2014	31.03.2015
1.	**दायित्व एवं सम्पत्ति**		
	व्यापार में स्टॉक	1,60,000	1,40,000
	विक्रय के लिए देनदार	3,20,000	?
	प्राप्य बिल	–	?
	क्रय के लिए लेनदार	2,20,000	3,00,000
	फर्नीचर का अपलिखित मूल्य	1,20,000	1,27,000
	अदत्त खर्चे	40,000	36,000
	पूर्वदत्त खर्चे	12,000	14,000
	हस्तस्थ रोकड़	4,000	3,000
	बैंक शेष	20,000	9,500
2.	2014–15 **के दौरान प्राप्ति एवं भुगतान**		
	देनदार से वसूली $(2\frac{1}{2}\%$ छूट के बाद)		11,70,000
	लेनदार को भुगतान (2% छूट प्राप्ति के बाद)		7,84,000
	प्राप्य बिल से प्राप्ति 2% बटटे पर		1,22,500
	मालिक का आहरण		1,40,000
	30.09.2014 को फर्नीचर का क्रय		20,000
	01.10.2014 को 4% सरकारी प्रतिभूतियों का 96% मूल्य पर क्रय		1,92,000
	खर्चे		3,50,000
	विविध आय		10,000
3.	विक्रय मूल्य इस प्रकार निर्धारित किया जाये कि सकल लाभ विक्रय आगम का 1/3 भाग वसूल हो।		
4.	वितरकों को सैंपल के रूप में 8,000 ₹ की लागत का माल का वितरण किया गया।		
5.	क्रय एवं विक्रय केवल उधार पर।		

© The Institute of Chartered Accountants of India

6.	वर्ष के दौरान देनदारों से 2,00,000 ₹ के बिल प्राप्त हुए। इनमें से 40,000 ₹ के बिल का लेनदारों को बेचान। बाद वाली राशि में से 8,000 ₹ के बिल का देनदार द्वारा अनादरण।
7.	वर्ष के दौरान मालिक ने रोकड़ बही में चैक द्वारा लगाई गई पूंजी का लेखांकन करना भूल गये। यद्यपि, इसको शामिल करते हुए 31 मार्च, 2015 को बैंक शेष 9,500 ₹ (जैसा ऊपर दिखाया गया) था।

लाभ की हानि तथा स्टॉक की हानि के बीमा दावे

14. (a) 22 जनवरी, 2015 को आग लग गई तथा स्टॉक नष्ट हो गया। बचाये गये माल का मूल्य बहुत कम था, जो ध्यान योग्य नहीं है। फर्म प्रत्येक वर्ष 31 मार्च को खाते बनाती है। 31 मार्च, 2013 को 9,62,200 ₹ के स्टॉक की तुलना में 31 मार्च, 2014 को 13,27,200 ₹ की लागत का स्टॉक था।

पूरे वर्ष 2013–14 का क्रय 45,25,000 ₹ की तुलना में 1 अप्रैल, 2014 से आग लगाने की तिथि तक का क्रय 34,82,700 ₹ था। सम्बन्धित अवधि का विक्रय क्रमशः 49,17,000 ₹ तथा 52,00,000 ₹ था।

आपको निम्न अतिरिक्त सूचनायें दी जा रही हैं :

(i) जुलाई, 2014 के दौरान 1,00,000 ₹ का माल विज्ञापन में प्रयोग के लिये दिया गया जिसका लेखा पुस्तको में कोई लेखांकन नहीं किया गया।

(ii) सकल लाभ की दर स्थिर (Constant) है।

एक्स लिमिटेड ने औसत वाक्य की शर्त के साथ 5,50,000 ₹ की बीमा पॉलिसी ली। उपर्युक्त सूचनाओं के आधार पर आग लगने की तिथि को अनुमानित हस्तस्थ स्टॉक तथा बीमा कम्पनी पर दावे की राशि की गणना कीजिये।

(b) एक व्यापारी ने 6 माह की क्षतिपूर्ति अवधि के लिए लाभ की हानि के लिए पॉलिसी ली गई। यद्यपि, वह पॉलिसी की राशि तय नहीं कर पाया। निम्न सूचनाओं के आधार पर पॉलिसी की राशि का सुझाव दीजिये :

	₹
पिछले वर्ष के दौरान विक्रय	4,50,000
पिछले वित्तीय वर्ष में स्थायी व्यय	90,000

पिछले वर्ष में विक्रय पर 10% की दर से शुद्ध लाभ कमाया तथा बाद वाले वर्षों में उसी तरह की प्रवृत्ति (Trend) रहने की संभावना।

विक्रय में 25% वृद्धि की संभावना।

अतिरिक्त विक्रय के लिए व्यापारी को 30,000 ₹ खर्च करना पड़ेगा।

© The Institute of Chartered Accountants of India

साझेदारी खातो में विचारणीय विषय

15. एल एच एण्ड कम्पनी में 01.04.2011 से लौरेल एवं हार्डी साझेदार हैं। प्रारम्भ में प्रत्येक ने 1,00,000 पूंजी के रूप में अंशदान दिया। इसके पश्चात्, उन्होंने कोई पूँजी अंशदान नहीं दिया। वे फर्म के खाते व्यापारिक पद्धति के आधार पर रखते हैं। वे लाभ-हानि को 5 : 4 के अनुपात में विभाजित कर रह रहे थे। 31.03.2015 को समाप्त होने वाले वर्ष के खाते जब फाइनल कर रहे थे, तब साझेदारो ने तय किया कि 01.04.2011 से लाभ-हानि को बराबर–बराबर अनुपात में विभाजित करेंगे।

यह भी पाया गया कि पहले के वर्षों के परिणाम तय करते समय, निम्नलिखित कुछ समायोजनों को ध्यान में नहीं रखा गया :

31 मार्च को समाप्त अवधि	2012	2013	2014	2015
फाइनल तैयार किये गये खातों के अनुसार लाभ	1,40,000	2,60,000	3,20,000	3,60,000
खर्चों का पहले ध्यान नहीं रखा गया (31 मार्च को)	30,000	20,000	36,000	24,000
आय को खातों में शामिल नहीं किया गया (31 मार्च को)	18,000	15,000	12,000	21,000

01.04.2015 से साझेदारों ने चैपलीन को साझेदार के रूप में प्रवेश दिया। यह भी तय किया गया कि चैपलीन का फर्म के लाभ में 20% का हिस्सा होगा तथा वह लौरेल एवं हार्डी की संयुक्त पूंजी के 20% के बराबर हिस्सा लायेगा। चैपलीन के प्रवेश से पूर्व तथा लौरेल एवं हार्डी के बीच संशोधित लाभ के समायोजन से पूर्व, 31.03.2015 को कम्पनी का चिट्ठा निम्न प्रकार है:

31.03.2015 को एल एच एण्ड कम्पनी का चिट्ठा

दायित्व	₹	सम्पत्ति	₹
पूंजी खाते :		प्लाण्ट एवं मशीनरी	60,000
लौरेल	2,11,500	हस्तस्थ रोकड़	10,000
हार्डी	1,51,500	बैंक में रोकड़	5,000
व्यापारिक देय	2,27,000	व्यापार में स्टॉक	3,10,000
		व्यापारिक प्राप्य	2,05,000
	5,90,000		5,90,000

आपसे बनाना अपेक्षित है :

(i) लाभ-हानि समायोजन खाता;

(ii) साझेदारों के पूंजी खाते तथा

(iii) चैपलीन के प्रवेश के पश्चात् फर्म का चिट्ठा।

© The Institute of Chartered Accountants of India

16. एक बड़े अस्पताल में लेखा कार्य का आउटसोर्स करने का निश्चय किया। अस्पताल ने खुली निविदाओं द्वारा विक्रेताओं से प्रस्ताव आमंत्रित किये तथा तीन प्रस्ताव प्राप्त हुये। आप किस प्रकार विक्रेता तय करेंगे ?

17. (a) 2013–14 में एक कम्पनी का गैर–एसएमसी (Non-SMC) के रूप में वर्गीकरण हुआ। 2014–15 में उसका वर्गीकरण एसएमसी (SMC) के रूप में हुआ। 2014–15 में प्रबन्ध ने एसएमसी के रूप में प्राप्त छूट एवं शिथिलता प्राप्त करने की इच्छा व्यक्त की। यद्यपि, कम्पनी का लेखाकार इस विचार से सहमत नही था। टिप्पणी कीजिये।

(b) निम्न सूचनाओं से कच्ची सामग्री के मूल्य तथा अन्तिम स्टॉक की गणना कीजिये :

कच्ची सामग्री X	
अन्तिम शेष	500 इकाइयां
	₹ प्रति इकाई
लागत मूल्य में उत्पादन शुल्क शामिल करते हुए	200
उत्पादन शुल्क (उत्पादन शुल्क चुकता पर सेनवैट (Cenvat) क्रेडिट प्राप्य)	10
आवक गाड़ी भाड़ा	20
माल उतारने का खर्चा	10
प्रतिस्थापन लागत	150
निर्मित माल Y	
अन्तिम शेष	1200 इकाइयां
	₹ प्रति इकाई
सामग्री का उपभोग	220
प्रत्यक्ष श्रम	60
प्रत्यक्ष उपरिव्यय	40

सामान्य क्षमता 20,000 इकाई पर कुल स्थायी उपरिव्यय 2,00,000 ₹ थे।

अन्तिम स्टॉक के मूल्य की गणना कीजिये, जबकि निर्मित माल Y का वसूली योग्य मूल्य 400 ₹ था।

18. (a) 1.4.2010 को 4,00,000 ₹ में मशीन अधिग्रहण की थी। मशीन का संभावित जीवनकाल 10 वर्ष था। उसका अवशिष्ट मूल्य मूल लागत का 10% संभावित था। चौथे वर्ष के प्रारम्भ में, उसकी क्षमता बढ़ाने के लिए 1,80,000 ₹ की लागत का हिस्सा जोड़ा गया। जोड़े गये हिस्से का अनुमानित जीवन काल 10 वर्ष तथा अवशिष्ट मूल्य शून्य था। इसी अवधि के दौरान, मूल मशीन का पुनर्मूल्यांकन मूल्य 90,000 ₹ से अधिक था, शेष जीवनकाल का पुनः निर्धारण 9 वर्ष तथा अवशिष्ट मूल्य का पुनः निर्धारण शून्य था।

© The Institute of Chartered Accountants of India

वर्ष 2013–14 का ह्रास मूल्य ज्ञात कीजिए, यदि

(i) जोड़े गये हिस्से का पृथक अस्तित्व हो।

(ii) जोड़ा गया हिस्सा मशीन का एक हिस्सा हो।

(b) 01.04.2009 को मिस्टर ए ने 1,00,000 ₹ में मशीन खरीदी। 01.07.2010 को उसने दूसरी मशीन 1,50,000 ₹ में खरीदी। 01.10.2011 को उसने तीसरी मशीन 2,00,000 ₹ में खरीदी तथा 31.12.2012 को दूसरी मशीन 1,25,000 ₹ में बेची। 31.03.2014 को कम्पनी ने सरल रेखा पद्वति (SLM)@ 10% के स्थान पर क्रमागत ह्रासमूल्य पद्धति @ 15% दर से अपनाने का निश्चय किया। 01.04.2009 से 31.03.2014 तक मशीन खाता बनाइये।

19. (a) 1 दिसम्बर, 2014 को ''सम्पत'' कंस्ट्रक्शन कम्पनी ने 108 लाख ₹ में भवन बनाने का ठेका लिया। 31 मार्च, 2015 को यह पाया गया कि कम्पनी ने 83.99 लाख ₹ निर्माण पर पहले से व्यय कर दिये हैं। कार्य पूरा करने के लिए संभावित अतिरिक्त लागत का मितव्ययी अनुमान 36.01 लाख ₹ था।

लेखा मानक (AS) 7 ''निर्माणी ठेके का लेखांकन'' के आधार पर 31 मार्च, 2015 को समाप्त होने वाले वर्ष के अन्तिम खातों में कितनी राशि का संभाव्य हानि का प्रावधान करना है।

(b) 31.03.2014 को कम्पनी संचालकों ने पुरानी तिथि 01 जनवरी, 2014 से कुछ आईटम का विक्रय मूल्य बढ़ाने का निश्चय किया। 01 जनवरी, 2014 से मूल्य में संशोधन के कारण विक्रय से कम्पनी को 01 जनवरी, 2014 से 31 मार्च, 2014 तक ग्राहकों से 15 लाख ₹ वसूल हुये। लेखाकार यह तय नहीं कर पा रहा कि क्या 2013–14 के विक्रय में 15 लाख ₹ शामिल करे। राय दीजिये।

20. (a) 01 मार्च, 2014 को एक्स लिमिटेड ने फैक्ट्री के लिए 5 लाख ₹ मूल्य की जमीन खरीदी। कम्पनी ने पुराने भवन की सम्पत्ति को नष्ट किया तथा पुरानी सामग्री को 10,000 ₹ में बेचा। कम्पनी ने अतिरिक्त लागत खर्च की तथा मार्च, 2014 के दौरान अवशिष्ट के विक्रय से निम्न प्रकार वसूली हुई:

मालिकाना लेखांकन तथा ठेके के लिये कानूनी व्यय	25,000 ₹
गारंटी दस्तावेज का बीमा	10,000 ₹
भवन को नष्ट करने की लागत	50,000 ₹

31 मार्च, 2014 को चिट्ठे में दिखाये जाने वाले भूमि खाते के शेष की गणना कीजिये।

(b) 01.01.2015 को एक्स लिमिटेड ने वाई लिमिटेड के सामान्य अंशों में 600 लाख ₹ का विनियोग किया जिसमे से 50% दीर्घकालीन स्थायी विनियोग तथा शेष अस्थायी विनियोग था। 31.03.2015 को इस प्रकार के सभी विनियोग का वसूली मूल्य 200 लाख ₹ हो गया जैसा कि वाई लिमिटेड कॉपीराइट का केस हार गया। 31.03.2015 को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान वित्तीय विवरण में कमी को किस प्रकार मान्यता देंगे।

© The Institute of Chartered Accountants of India

सुझावित उत्तर/संकेत

(SUGGESTED ANSWERS/HINTS)

1. (a) (i) चालू दायित्व/अन्य चालू दायित्व

(ii) अंशधारियों का कोष/संचय एवं आधिक्य

(iii) चालू दायित्व/अन्य चालू दायित्व

(iv) सम्भाव्य हानि तथा वचनबद्धता

(v) अंशधारियों का कोष/अंश पूंजी

(vi) स्थायी सम्पत्तियाँ

(vii) अंशधारियों का कोष/अंश अधिपत्र के बदले प्राप्त धन

(b) प्रभावी पूंजी की गणनाः

		(₹)
प्रदत्त अंश पूंजी :		
15,000, 14% पूर्वाधिकार अंश		15,00,000
1,20,000 समता अंश		96,00,000
पूंजी संचय (पुनर्मूल्यांकन संचय रहित)		45,000
प्रतिभूति प्रीमियम		50,000
15% ऋणपत्र		65,00,000
सार्वजनिक निक्षेप		3,70,000
	(A)	1,80,65,000
विनियोग		75,00,000
लाभ-हानि खाता (डेबिट शेष)		15,25,000
	(B)	90,25,000
प्रभावी पूंजी	(A –B)	90,40,000

(c) कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III के भाग 1 नोट 6 (ब) में दिया हुआ कि लाभ-हानि विवरण का डेबिट शेष (सभी विभाजन तथा विनियोजन के बाद) 'आधिक्य' शीर्षक में ऋणात्मक राशि के रूप में दिखाना चाहिये। उसी प्रकार से, आधिक्य में ऋणात्मक शेष का समायोजन करने के परिणामस्वरूप संचय एवं आधिक्य का शेष ऋणात्मक हो तो भी संचय एवं आधिक्य का शेष दिखाना चाहिये। इस केस में, लाभ-हानि विवरण का डेबिट शेष 250 लाख ₹ सभी कुल संचय 230 लाख ₹ से अधिक है। इस कारण से लाभ-हानि विवरण का डेबिट शेष समायोजन

© The Institute of Chartered Accountants of India

करने के बाद 'संचय एवं आधिक्य' का ऋणात्मक शेष 20 लाख ₹ है जिसको चिट्ठे में दिखाना चाहिये। इसलिये, कम्पनी द्वारा किया गया व्यवहार गलत है।

2. 31.03.2014 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए

पी क्यू लिमिटेड का नकद प्रवाह विवरण

विवरण	₹	₹
परिचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह		
शुद्ध लाभ	22,40,000	
जोड़िये : ह्रास के लिये समायोजन (7,90,000 ₹–6,10,000 ₹)	1,80,000	
कार्यशील पूंजी में परिवर्तन से पूर्व परिचालन लाभ	24,20,000	
जोड़िये : स्कंध में कमी (20,10,000 ₹–19,20,000 ₹)	90,000	
संदिग्ध ऋण आयोजन में वृद्धि (4,20,000 ₹ – 1,50,000 ₹)	2,70,000	
	27,80,000	
घटाइये : चालू सम्पत्ति में वृद्धिः		
व्यापारिक प्राप्य (30,60,000 ₹–23,90,000 ₹) 6,70,000		
पूर्वदत्त खर्चे (1,20,000 ₹– 90,000 ₹) 30,000		
चालू दायित्व में कमी :		
व्यापारिक देय (8,80,000 ₹–8,20,000 ₹) 60,000		
अदत्त खर्चे (3,30,000 ₹– 2,70,000 ₹) 60,000	8,20,000	
परिचालन क्रियाओं से शुद्ध रोकड़		19,60,000
विनियोग क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह		
प्लाण्ट एवं उपकरण का क्रय (40,70,000 ₹–27,30,000 ₹)	13,40,000	
विनियोग क्रियाओं में शुद्ध रोकड़ का प्रयोग		(13,40,000)
वित्तीय क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह		
बैंक ऋण में वृद्धि (3,00,000 ₹–1,50,000 ₹)	1,50,000	
ऋणपत्रों का निर्गमन	9,00,000	
लाभांश का भुगतान (12,00,000 ₹–1,50,000 ₹)	(10,50,000)	
वित्तीय क्रियाओं में शुद्ध रोकड़ का प्रयोग		NIL
वर्ष के दौरान रोकड़ में शुद्ध वृद्धि		6,20,000

© The Institute of Chartered Accountants of India

जोड़िये : 01.04.2013 को रोकड़ एवं रोकड़ तुल्य		27,00,000
31.03.2014 को रोकड़ एवं रोकड़ तुल्य		33,20,000

नोट : वर्ष के दौरान संदिग्ध ऋण आयोजन खाते से डूबत ऋण 2,30,000 ₹ अपलिखित किये गये। उपयुक्त उत्तर में, 31.3.2014 को देनदार एवं संदिग्ध ऋण आयोजन खाते के शेष में डूबत ऋण को दुबारा जोड़ा गया। वैकल्पिक रूप में, डूबत ऋण अपलिखित के समायोजन का ध्यान नहीं रखेंगे तथा 31.3.2014 को चिट्ठे में दिखाये गये देनदार तथा संदिग्ध ऋण आयोजन की राशि के आधार पर उत्तर दिया जायेगा।

3. समामेलन से पूर्व तथा बाद के लाभ की गणना को दिखाते हुए विवरण

31 मार्च, 2014 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए

विवरण	कुल राशि	विभाजन का आधार	समामेलन से पूर्व	समामेलन के बाद
सकल लाभ	3,90,800	विक्रय	39,080	3,51,720
घटाइये : संचालक की फीस	30,000	बाद का	–	30,000
डूबत ऋण	7,200	विक्रय	720	6,480
विज्ञापन	24,000	विक्रय	2,400	21,600
वेतन एवं सामान्य व्यय	1,28,000	समय	32,000	96,000
प्रारंभिक व्यय	10,000	बाद का	–	10,000
शुद्ध लाभ	1,91,600			1,87,640
समामेलन से पूर्व लाभ को पूंजी संचय में हस्तांतरण किया			3,960	

कार्यशील टिप्पणियां:

1. **विक्रय अनुपात:**

विवरण	(₹)
30.6.2013 तक की अवधि का विक्रय $\left(4,80,000\times\frac{3}{6}\right)$	2,40,000
1.7.2013 से 31.3.2014 तक की अवधि का विक्रय (24,00,000 ₹–2,40,000 ₹)	21,60,000

इसलिए विक्रय अनुपात = 1 : 9

© The Institute of Chartered Accountants of India

2. **समय अनुपात**

1 अप्रैल, 2013 से 30 जून, 2013 तक : 01 जुलाई, 2013 से 31 मार्च, 2014 तक = 3 महीने : 9 महीने = 1 : 3

इसलिये, समय अनुपात = 1 : 3

4. जर्नल प्रविष्टियां

		(₹)	(₹)
पूंजी शोधन संचय खाता	ऋणी	30,000	
प्रतिभूति प्रीमियम खाता	ऋणी	40,000	
पूंजी संचय खाता (नकद मे वसूली)	ऋणी	40,000	
सामान्य संचय खाता	ऋणी	1,05,000	
लाभ-हानि खाता	ऋणी	10,000	
अंशधारी बोनस खाता का			2,25,000
(दिनांक ..... के प्रस्ताव के अनुसार विभिन्न संचय का प्रयोग करते हुए बोनस अंश का निर्गमन)			
अंशधारी बोनस खाता	ऋणी	2,25,000	
समता अंश पूंजी का			2,25,000
(लाभ का पूंजीकरण)			

5. एम लिमिटेड की पुस्तकों में

जर्नल प्रविष्टियां

	विवरण	ऋणी राशि (₹)	धनी राशि (₹)
1	समता अंश पूंजी (100 ₹) खाता ऋणी	35,00,000	
	समता अंश पूंजी (25 ₹) खाता का		8,75,000
	पूंजी कमी खाता का		26,25,000
	(100 ₹ वाले समता अंश को 25 ₹ तक कम किया गया तथा शेष राशि का पूंजी कमी खाते मे हस्तांतरण)		

© The Institute of Chartered Accountants of India

2	10% पूर्वाधिकार अंश पूंजी खाता (100 ₹) ऋणी	15,00,000	
	10% पूर्वाधिकार अंश पूंजी खाता (75 ₹) का		11,25,000
	पूंजी कमी खाता का		3,75,000
	(100 ₹ वाले पूर्वाधिकार अंश पूंजी को 25 ₹ तक कम किया गया तथा शेष राशि का पूंजी कमी खाते में हस्तांतरण। कुल पूर्वाधिकार अंश=15,000)		
3	10% पूर्वाधिकार अंश पूंजी (75 ₹) खाता ऋणी	11,25,000	
	13% पूर्वाधिकार अंश पूंजी (50 ₹) खाता का		7,50,000
	समता अंश पूंजी (25 ₹) खाता का		3,75,000
	(10% पूर्वाधिकार अंश 75 ₹ के बदले एक नया 13% पूर्वाधिकार अंश 50 ₹ वाला तथा एक समता अंश 25 ₹ वाला। कुल पूर्वाधिकार अंश= 15,000)		
4	पूंजी कमी खाता ऋणी	1,50,000	
	पूर्वाधिकार अंश पर देय लाभांश खाता का		1,50,000
	(पूर्वाधिकार अंश पर 1 वर्ष का बकाया देय लाभांश)		
5	पूर्वाधिकार अंश पर देय लाभांश खाता ऋणी	1,50,000	
	समता अंश पूंजी खाता का		1,50,000
	(पूर्वाधिकार अंशों पर बकाया लाभांश के लिए 25 ₹ वाले समता अंशों का निर्गमन)		
6	7% ऋणपत्र खाता ऋणी	5,00,000	
	ऋणपत्रधारी खाता		5,00,000
	(7% ऋणपत्र का शेष ऋणपत्रधारियों के खाते मे हस्तांतरण)		
7	ऋणपत्रधारी खाता ऋणी	5,00,000	
	13% पूर्वाधिकार अंश पूंजी खाता का		2,50,000
	बैंक खाता का		2,25,000
	पूंजी कमी खाता का		25,000
	(50% ऋणपत्रधारियों ने 13% पूर्वाधिकार अंश का विकल्प अपनाया तथा शेष ने अपने दावे के 90% के बराबर नकद लिया।)		

© The Institute of Chartered Accountants of India

8	संचालकों से ऋण खाता ऋणी	1,50,000	
	सम्भाव्य दायित्व के लिए आयोजन खाता का		1,50,000
	(सम्भाव्य दायित्व के आयोजन के लिए 1,50,000 ₹ देय तथा संचालकों के ऋण खाते से समायोजन)		
9	बैंक खाता ऋणी	10,00,000	
	समता अंश प्रार्थना पत्र एवं आबंटन खाता का		10,00,000
	(25 ₹ प्रति अंश से 40,000 समता अंशों पर प्रार्थना पत्र पर प्राप्त राशि)		
10	समता अंश प्रार्थना पत्र एवं आबंटन खाता ऋणी	10,00,000	
	समता अंश पूंजी खाता का		10,00,000
	(बंटन पर प्रार्थना पत्र पर प्राप्त राशि का पूंजी खाते में हस्तांतरण)		
11	भूमि एवं भवन खाता ऋणी	3,00,000	
	पूंजी कमी खाता का		3,00,000
	(भूमि एवं भवन के मूल्य में वृद्धि)		
12	पुनर्निर्माण व्यय खाता ऋणी	15,000	
	बैंक खाता का		15,000
	(पुनर्निर्माण पर व्यय का भुगतान)		
13	पूंजी कमी खाता ऋणी	31,75,000	
	प्लाण्ट एवं मशीनरी खाता का		4,00,000
	स्कंध खाता का		1,00,000
	व्यापारिक प्राप्य खाता का		1,50,000
	लाभ-हानि खाता का		23,00,000
	पुनर्निर्माण व्यय खाता का		15,000
	पूंजी संचय खाता (शेष राशि) का		2,10,000
	(विभिन्न प्रकार की हानियों को अपलिखित किया गया तथा पूंजी कमी खाते के शेष को पूंजी संचय खाते में हस्तांतरण)		

© The Institute of Chartered Accountants of India

6. **क्रय प्रतिफल की गणना**

	पी. लिमिटेड (₹)	क्यू. लिमिटेड (₹)
सम्पत्तियां ली गईं :		
ख्याति	50,000	1,50,000
भवन	1,00,000	1,90,000
प्लाण्ट एवं मशीनरी	25,000	80,000
फर्नीचर एवं फिक्सचर्स	–	35,000
स्कंध	1,35,000	50,000
व्यापारिक प्राप्य	–	1,42,000
बैंक में रोकड़	–	58,000
	3,10,000	7,05,000
घटाइये : दायित्व लिये गये		
8% ऋणपत्र	(1,21,000)	
